अमर उजाला

हरियाणा । दिल्ली । चंडीगढ़ । पंजाब । उत्तर प्रदेश । उत्तराखंड । हिमाचल । जम्मू-कश्मीर

बरेली । शनिवार । 30 अप्रैल 2016

इंसपायर इंटर्नशिप में छात्रों ने मेंटर्स से सीखा

बरेली। श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इंसपायर इंटर्नशिप-2016 के तहत पांच दिन के कैंप के दूसरे दिन के वक्ता नेशनल फिजिकल लेबोरेट्री के विशिष्ट वैज्ञानिक डॉ. आशीष अग्रवाल रहे, जो यंग साइंटिस्ट अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने भौतिकी से संबंधित कई विषयों पर बात की और मेजरमेंट, यूनिट के बारे में विस्तार से बताया। अंत में लेयर और एटॉमिक पार्टिकल के बारे में बताते हुए आगे की रिसर्च पर चर्चा की। कार्यक्रम के दूसरे वक्ता एमरेटस प्रोफेसर बरेली कॉलेज के डॉ. डीके सक्सेना ने अपना 30 वर्ष अनुभव बताया। इन्हें भी यंग साइंटिस्ट अवार्ड मिल चुका है। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण मित्र बनने के लिए प्रोत्साहित किया। छात्राओं ने भी वक्ताओं से तमाम प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं शांत कीं। कार्यक्रम के समन्वयक रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल रहे।